केन्द्रीय विद्यालय संगठन

हैदराबाद संभाग

रचनात्मक मूल्यांकन-1

2014-2015

कक्षाः सातवी　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांकः40

विषयः हिन्दी　　　　　**खण्ड- क**　　　　　　　　　समयः90 मिनट

1 (क) निम्नलिखित गद्यांश पढकर बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।   5

भारत की एक बहुत प्राचीन नगरी है -वाराणसी ।गंगा की निर्मल धारा सहस्त्रों वर्षों से इसके ऑचल में मचल-मचल कर बहती रही है । इस नगरी का अपना सैकडों वर्ष पुराना वैभवशाली इतिहास है । हमेशा से यह नगरी शिक्षा का बडा केंद्र रही है । प्राचीन काल में यह काशी राज्य की राजधानी थी ।आज से लगभग ढाई हज़ार वर्ष पहले की बात है ।गंगा तट से थोडी दूर तक पाठशाला थी । वहॉ आयुर्वेद (जीवन दान देनेवाला ज्ञान) की शिक्षा दी जाती थी ।इस पाठशाला के आचार्य थे महर्षि सुश्रुत । वे स्वयं काशी के राजा दिवोदास के शिष्य थे।दिवोदास को भगवान धन्वंतरि का अवतार कहा गया है ।

1भारत की प्राचीन नगरी का नाम क्या है ?

क) कोलकाता　　　　　　　　　　　ख) कपिलवस्तु

ग) वाराणसी　　　　　　　　　　　घ) लखनऊ

(2)

2 प्राचीन नगरी में स्थित नदी कैसे बहती है?

क) मचल-मचल कर   ख)   दौड-दौड कर

ग) भाग-भाग कर   घ) धीरे-धीरे

3 काशी में स्थित पाठशाला में क्या सिखाते थे ?

क)   सामवेद   ख) यजुर्वेद

ख)   ग) आयुर्वेद   घ) अधर्वणवेद

4 आचार्य का नाम क्या था ?

क) सुश्रुत   ख) आश्रित   ग) रक्षित   घ) दक्ष

5 बडा केंद्र में व्याकरणिक दष्टि से किस   में आता है

क)संज्ञा   ख)सर्वनाम   ग) क्रिया   घ) विशेषण

(ख) काव्यांश पढकर बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।   5

चिडिया को लाख समझाओ

कि पिंजडे के बाहर

धरती बहुत बडी है,निर्मम है,

वहॉ हवा में उन्हें

अपने जिस्म की गंध तक नहीं मिलेगी ।

यूं तो बाहर समुद्र है ,नदी है,झरना है ,

पर पानी के लिए भटकना है,

यहॉ कटोरी में भरा जल गटकना है ।

1 चिडिया कहॉ स्थित है ?

क) घर में ख) पिंजडे में ग) घोंसले में घ) मैदान में

2 बाहर धरती कैसी है ?

क) निर्मम ख) दयालु ग) क्रूर घ) शांतिपूर्वक

3 पक्षी को किस के लिए भटकना पडता है ?

क) अन्न ख) अन्य पक्षी ग) पानी घ) घर

4 जल कहॉ भरा हुआ है ?

क) आकाश में ख) कटोरी में ग) कुऍं में घ) गिलास में

5 समुद्र का अर्थ है--

क) नदी ख) जलधि ग) झरना घ) तालाब

II (क) निम्नलिखित गद्यांश पढकर बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
5

मैं चुपके से ऑगन की ओर चला गया ।कई दिन बीत गए ,मैं इस प्रसंग को एकदम भूल-सा गया । एक दिन रास्ते में रामी की चाची मिली ।वह दादी को" पूतों फलो दूध नहाओ" का आशीर्वाद दे रही थी ।मैने पूछा "क्या बात है,धन्नो चाची,"तो उसने विह्वल होकर

कहा,"उरिन हो गई बेटा,भगवान भला करे हमारी मालकिन का। " कल ही आई थी ।पीछे का सभी रुपया छोड दिया,ऊपर से दस रुपए का नोट देकर बोलीं, "देखना धन्नो,जैसी तेरी बेटी वैसी मेरी ।दस-पॉच के लिए हँसाई नहो ।देवता है बेटा,देवता ।"

1' मैं 'का अर्थ किससे संबंधित है ?

क) लेखक ख) दादी ग) रामी की चाची घ) दादा

2 रामी की चाची उन्हें कहॉ मिली ?

क) जंगल में ख) रास्ते में ग) मंदिर में घ) घर में

3 मालिक का स्त्री लिंग है---

क) मालकीन ख) मालिकिन ग)मालकिन घ) मलकीन

4 चाची ने लेखक को कैसे जवाब दिया ?

क) विह्वल होकर ख) खुश होकर

ख) ग) उदास होकर घ) पुलकित होकर

5 इस गद्यांश का शीर्षक क्या है ?

क) हिमालय की बेटियॉ ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के

ग) दादी मॉ घ) पापा खो गए

(ख) निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
5

हम बहता जल पीनेवाले

मर जाएँगे भूखे-प्यासे

कहीं भली है कटुक निबौरी

कनक-कटोरी की मैदा में ।

1 पक्षी क्या पीते हैं

क) बहता जल ख) मीठा दूध ग) रस घ) तेल

2 निबौरी का अर्थ है.......

क) आम ख) नीम का फल ग)अनार घ) केला

3 इनमें से कौन-सा शब्द कनक का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?

क) सोना ख) सुवर्ण ग) स्वर्ण घ) पक्षी

4 इस कविता का शीर्षक क्या है ?

क) रहीम के दोहे ख) भोर और बरखा

ग) कठपुतली घ) हम पंछी उन्मुक्त गगन के

5 इस कविता के कवि कौन है ?

क) भवानी प्रसाद मिश्र ख) शिवमंगल सिंह सुमन

ग) मीरा बाई घ) रहीम

III (खण्ड--ख) 6

1. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।।

1. पहाड़ी का बहुवचन शब्द है--

क) पहाड़ीयॉ ख) पहाड़ियॉ ग) पहड़िया घ) पहाड़ीय

2." संभ्रांत महिला की भॉति "में विशेषण शब्द कौन-सा है ?

क) महिला ख) भॉति ग) संभ्रांत घ) की

3. " राजा-रानी" कौन-सा समास है ?

(7)

क) द्विगु ख) द्वंद्व ग) बहुव्रीहि घ) तत्पुरुष

4 अनुपस्थिति में कौन-सा उपसर्ग लगा हुआ है ?

क) अनु ख)आन ग) अन् घ) अनू

5. प्रतिकूलता में कौन-सा प्रत्यय लगा हुआ है ?

क) ता ख) लता ग) कूलता घ) त

6.' लाल किरण ' कौन-सा विशेषण है ?

क) परिमाण वाचक ख) सार्वनामिक

ग) गुणवाचक घ) संख्या वाचक

IV (खण्ड--ग) 3x2=6

निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1 . कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?

2. महाभारत की कथा किसकी देन है ?

3. देवव्रत कौन था ?

(8)

V किसी <u>एक</u> विषय पर दस पंक्तियों में निबंध लिखिए। 2x4=8

क) नदियों की उपयोगिता ख) दादी मॉ 4

ग) हिमालय घ) कठपुतली

(ख) पॉच दिन का अवकाश मॉगते हुए कक्षा अध्यापक को पत्र लिखिए। 4

______________________x__________________